राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 /2488/ 2023 दिनांकः—17,अक्टूबर, 2023

अति—आवश्यक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु राज्य स्तर पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में एन0एस0एस0 के माध्यम से नाम जुडवाने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक कार्यालय उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, लखनऊ का पत्र सं0—315 / सत्तर—रा0से0यो0को0 / 2023 पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / एन0 एस0 एस0 / 80 / 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसके अनुसार आपके महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी को, उत्तर प्रदेश की स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु राज्य स्तर पर प्रत्येक वर्ष 04 अर्हता तिथि क्रमशः 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर है, इन तिथियों को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे युवाओं का विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में एन0एस0एस0 के माध्यम से जुडवाने की अपेक्षा की गई थी।

शासन द्वारा निर्देशित मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय में कराए गए उनकी रिपोर्ट और फोटो अति शीघ्र दो कार्य दिवस में विश्वविद्यालय की ईमेल nssrmpssuniversity@gmail.com पर प्रेषित करें।

भवदीय

डॉ (महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

17.10.23

सहा0 कुलसचिव